# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

# प्रेस नोट

**दिनांक-21.09.2023**

## थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा 03 बाल अपचारी समेत कुल 04 अन्तर्जनपदीय शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की कुल 05 अदद मोटर साइकिल बरामद ।

---

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा सी0सी0टी0वी0 फुटेज तथा धरातलीय सूचना के आधार पर मु0अ0सं0-426/2023 धारा 379/411/414/467/468 भा0द0वि0 व मु0अ0सं0-365/2023 धारा 379/411/414 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1-विशाल उर्फ आलू पुत्र विनोद कुमार निवासी कादीपुर खुर्द थाना शिवपर वाराणसी व 03 नफ़र बाल अपचारियों को दिनांक-20.09.2023 को समय करीब 03.50 बजे सुबह पिसौर स्थित पेट्रोल पम्प थाना शिवपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से व निशानदेही पर कुल 05 अदद चोरी की मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>विवरण पूछताछ-</u>**

पूछताछ करने पर अभियुक्त विशाल उर्फ आलू ने बताया कि मैं छोटा मोटा काम-धंधा करता हूँ लेकिन उससे मेरा खर्चा नही चल पाता है, मेरा दोस्त (बाल अपचारी), जो मुझे जल्दी से पैसा कमाने का जरिया बताया कि बाईक चोरी करके बेचने से अच्छा लाभ मिल जाता है तब उसकी बातो में आकर और मेरे साथ के अन्य 02 दोस्त (बाल अपचारी) हम सब ने मिलकर पुआँरी व भवानीपुर से बाईक का चोरी कर लिया था। चोरी की मोटर साइकिल हम लोग औने-पौने दाम में बेचकर जो पैसे मिलते है उसे आपस में बराबर-बराबर बांट लेते है और मिले रुपये से हम लोग अपने-अपने शौक को पूरा करते है। हम लोग पहले रेकी करते है,फिर मौका पाकर गाड़ियों को चुराते है। आज भी हम लोग चोरी की दोनों गाड़ियों के भी नम्बर प्लेट बदल कर/हटाकर तथा चेचिस नम्बर की टेम्परिंग कर, बेचने के लिए ही ग्राहक की तलाश में जा रहे थे कि आप लोगो ने हमे पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर बाल अपचारियों/अभियुक्तगण ने बताया कि हम लोगों का एक गैंग है और हम लोग वाराणसी जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के अलावा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से मोटर साईकिल की चोरी करते है। हम लोग पूर्व में भी कई गाड़ियां चोरी किये थे उनमें से शेष 03 मोटर साइकिल हम लोग चुराकर विशाल उर्फ आलू के घर के बगल में रेलवे लाईन के पास सून-सान स्थान पर छिपाकर रखे हुए है और उसे भी ग्राहक मिलने पर बेचने के फिराक में थे।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त/बाल अपचारियों का विवरण-</u>**

1-विशाल उर्फ आलू पुत्र विनोद कुमार निवासी कादीपुर खुर्द थाना शिवपर वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।

2-बाल अपचारी उम्र 16 वर्ष।

3-बाल अपचारी उम्र 16 वर्ष।

4-बाल अपचारी उम्र 17 वर्ष।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

कुल 05 अदद मोटर साइकिल बरामद।

1.पल्सर रंग लाल रजि0 नं0-UP65AJ6429, इंजन नं0-DHGBPH01628 व चेचिस नं0-MD2DHDHZZPCH61822

2.सीडी डीएलएक्स रंग काला रजि0 नं0-UP65AE0356, चेचिस नम्बर 06F29F12076 व इंजन नम्बर 06F29E11855

3.सीडी डान रंग लाल रजि0 नं0-UP32AX6100, इंजन नम्बर 03K27E09146 व चेचिस नम्बर 03K27F06535

4.स्पेल्डर प्लस रजि0 नं0-UP65DM3668, चेचिस नम्बर MBLHAW096K4B10972 व इंजन नम्बर HA10AGK4B21751

5.चेचिस नम्बर घिसा हुआ मिला तो इंजन नम्बर चेक किया गया तो इंजन नम्बर HA10EKDHM01438

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1.थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2.उ0नि0 रामबालक थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3.उ0नि0 सत्यदेव थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

4.उ0नि0 सौरभ तिवारी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

5.हे0का0 राघवेन्द्र सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

6.का0 मनोज पाण्डेय थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

7.का0 ज्ञानेन्द्र यादव थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

8.का0 बाल मुकुन्द मौर्या थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**

